कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मनोज वर्मा पुत्र कैलाश चंद निवासी बी–120, रघुनाथपुरा 2nd विस्तार, एयरपोर्ट के सामने, टर्मिनल प्रथम, सांगानेर, जयपुर राजस्थाान– 302029

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 40 / 2026

निर्णय

दिनांक 22.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना / नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल / सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर को पत्र कमांकः डीएम / कोर्ट / 2026 / 921 दिनांक 23.03.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी मण्डावर ने पत्र कमाकः आर.टी.आई.अपील / 2026 / 167 दिनांक 06.04.2026 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय के पत्र कमांकः133 दिनांक 12.3.2026 के द्वारा पूर्व में ही प्रेषित कर दी गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा